सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 240 | इंदौर, मंगलवार 17 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# कृषक कल्याण वर्ष: हर विस क्षेत्र में होंगे कृषि सम्मेलन,किराए पर मिलेंगे यंत्र

## मुख्यमंत्री बोले-योजनाएं जमीन पर उतारें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 के दौरान विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और किसानों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। सरकार का लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना और योजनाओं का लाभ सीधे उनके परिवारों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का ऐसा राज्य है, जहां किसानों को केवल 5 रुपये में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, जो किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।**

मुख्यमंत्री भोपाल में स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में आयोजित कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला समेत कई मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, किसान संगठनों के प्रतिनिधि और एफपीओ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को नई तकनीक और योजनाओं की जानकारी देने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में कृषि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विभाग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 5 लाख रुपये उपलब्ध कराएगा। विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन आयोजित कर सकेंगे, जिससे किसानों को खेती के आधुनिक तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और उद्योगों को साथ जोड़कर प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कृषक कल्याण वर्ष के माध्यम से मध्यप्रदेश कृषि विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### ● लघु किसानों को किराए पर मिलेंगे कृषि यंत्र

सरकार छोटे किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में कृषि यंत्रों की दुकानें खोली जाएंगी, जहां से छोटे किसान किराये पर कृषि यंत्र ले सकेंगे। इससे खेती की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। टूरिज्म डिपार्टमेंट ने होम स्टे की योजना शुरू की है। होम स्टे संचालकों के लिए 20 लाख रुपये तक की आय जीएसटी से मुक्त रखी गई है। लघु-कुटीर उद्योग के क्षेत्र में शहद उत्पादन से किसान लाभ कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यशाला में लगभग सभी प्रमुख विभाग शामिल हुए हैं। राज्य की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इन 16 विभागों के अंतर्गत आ जाता है।

### ● दूध उत्पादन में तेजी से वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में दूध संकलन 25 प्रतिशत बढ़कर प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर हो गया है। सरकार का लक्ष्य दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाना है। दूध के दाम में भी 5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है, जिससे दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसा बनाने की मशीनें उपलब्ध करा रही है। साथ ही स्कूली बच्चों को पोषण देने के लिए माता यशोदा योजना के तहत निःशुल्क दूध वितरण की पहल भी की जा रही है।

### ● सिंचाई का रकबा 100 लाख हेक्टेयर बढ़ाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए लगातार काम हो रहा है। आने वाले वर्षों में इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने किसानों से सौर ऊर्जा आधारित बिजली उत्पादन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की।

### ● दलहन उत्पादन में प्रदेश देश में पहले स्थान पर

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित उद्योगों के लिए तेजी से उभर रहा है। प्रदेश मसाले और दलहन उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है, जबकि खाद्यान्न उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में वर्तमान में 4 हजार से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां संचालित हो रही हैं। पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में 47 कंपनियों ने 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। प्रदेश का एग्री निर्यात अभी 18 हजार करोड़ रुपये है, जिसे वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है।

### ● मछुआ समृद्धि योजना में 100 करोड़ का प्रावधान

कार्यशाला में मत्स्य विभाग ने बताया कि मध्य प्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के तहत केज कल्चर योजना लागू की जा रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सहकारिता विभाग ने जानकारी दी कि किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण उपलब्ध कराने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।

### ● मखाने की खेती अब 10 और जिलों में होगी

ऊर्जा विभाग ने बताया कि एक हेक्टेयर तक भूमि वाले अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के किसानों को पांच हॉर्सपावर तक के कृषि पंप पर मुफ्त बिजली दी जा रही है। साथ ही बकाया भुगतान पर सरचार्ज में छूट देने के लिए समाधान योजना भी चलाई जा रही है। उद्यानिकी विभाग के अनुसार प्रदेश में उद्यानिकी क्षेत्र का विस्तार करने की योजना है। फल, सब्जी, मसाले, फूल और औषधीय फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। अभी चार जिलों में शुरू हुई मखाना की खेती को बढ़ाकर 10 जिलों तक ले जाने की योजना बनाई गई है।

# पांच राज्यों के विस चुनाव में एमपी के 40 IAS अधिकारियों की लगी ड्यूटी

### आयोग ने ऑब्जर्वर तैनात किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** देश के विभिन्न राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए मध्य प्रदेश कैडर के 40 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों को चुनावी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा अलग-अलग राज्यों में प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) के रूप में तैनात किया गया है। इससे प्रदेश सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों के कामकाज पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के कई वरिष्ठ और अनुभवी आईएएस अधिकारियों को चुनावी प्रक्रिया की निगरानी के लिए तैनात किया गया है। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी चुनावी व्यवस्थाओं की समीक्षा करना, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर नजर रखना होगी।

जिन राज्यों में इन अधिकारियों को प्रेक्षक बनाया गया है, उनमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, केरला, पुडुचेरी और आसाम शामिल हैं। इन राज्यों में चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक निगरानी को मजबूत करने के लिए अनुभवी अधिकारियों की तैनाती की गई है। मध्य प्रदेश से जिन अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई है, उनमें प्रमुख रूप से प्रमुख सचिव संदीप यादव, जॉन किंग्सले, श्रीमन शुक्ला, स्वतंत्र कुमार सिंह, शिल्पा गुप्ता, सिबी चक्रवर्ती, अजय कटसेरिया, निधि निवेदिता, रोहित सिंह और अनुराग वर्मा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा राहुल फटिंग हरिदास, दीपक आर्य, हरहिका सिंह, आशीष भार्गव, अभिजीत अग्रवाल, दिलीप कुमार, वंदना वैद्य, सपना निगम, केवीएस चौधरी, मनीष सिंह, प्रबल सिपाहा, सौरव सुमन, अवि प्रसाद, सतेंद्र सिंह और बुद्धेश वैद्य सहित अन्य अधिकारी भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे गए हैं।

सूत्रों के अनुसार सूची जारी होने के बाद कुछ अधिकारियों ने अपनी चुनावी ड्यूटी निरस्त कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी। हालांकि अंतिम निर्णय चुनाव आयोग के स्तर पर ही लिया जाएगा। वहीं, यह भी चर्चा है कि इनमें कई अधिकारी राज्य सरकार के महत्वपूर्ण विभागों में कार्यरत हैं। ऐसे में उनके चुनावी ड्यूटी पर जाने से विभागीय कामकाज की गति कुछ समय के लिए प्रभावित हो सकती है।

### झूठ बोल रहा पाकिस्तान...

# काबुल में आतंकी ठिकाने बताकर ले ली 400 मरीजों-आम लोगों की जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अफ़गानिस्तान के उप-सरकारी प्रवक्ता ने मंगलवार सुबह बताया कि अफ़गान राजधानी काबुल में नशा करने वालों का इलाज करने वाले एक अस्पताल पर हुए पाकिस्तानी हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 400 हो गई है।

सोशल मीडिया पोस्ट में हमदुल्ला फितरत ने कहा कि सोमवार देर रात हुए इस हमले में अस्पताल का एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया. उन्होंने बताया कि अब तक 400 लोग मारे जा चुके हैं और करीब 250 अन्य के घायल होने की खबर है. फितरत ने आगे कहा कि बचाव दल इमारत में लगी आग पर काबू पाने और मलबे से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं.

### पाकिस्तान क्या बोला?

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दावे को झूठा और जनता की राय को गुमराह करने के मकसद से किया गया बताकर खारिज कर दिया. पाकिस्तान ने कहा कि उसने सोमवार को काबुल और नंगरहार प्रांत में केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था. अफ़गानिस्तान की तालिबान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्ला फ़ितरत के मुताबिक, काबुल के उमर एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर हमला स्थानीय समय के अनुसार रात लगभग 9 बजे (16:30 GMT) हुआ. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह हॉस्पिटल 2,000 बेड की सुविधा वाला है और इस हमले में इमारत का एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया. अफगानिस्तानी क्रिकेटर राशिद खान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमलों के कारण आम नागरिकों के हताहत होने की ताजा रिपोर्टों से मुझे गहरा दुख हुआ है. आम नागरिकों के घरों, शिक्षण संस्थानों या चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाना एक युद्ध अपराध है.

## इंदौर में ई-रिक्शा के लिए कलर कोड

# अब 4 जोन में बंटेंगे रिक्शे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम और अव्यवस्था को खत्म करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। सोमवार को डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया ई-रिक्शाओं का संचालन 4 सेक्टरों में होगा। सभी सेक्टर के लिए अलग-अलग रंग तय किए है। खास बात यह है कि हर जोन के रिक्शा की पहचान उसकी छत के रंग से होगी। आगामी 10 दिनों आवंटन की प्रोसेस की जाएगी।**

डीपीसी त्रिपाठी ने बताया कि शहर में ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नियंत्रित करने के उद्देश्य से ये व्यवस्थाएं लागू की जाएगी।

**शहर का जोनवार विभाजन :-** ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने के लिए शहर को संबंधित ट्रैफिक के 4 जोन के आधार पर 4 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा।

**जोनवार पहचान हेतु रंग निर्धारणः-** प्रत्येक जोन के ई-रिक्शाओं की छत का रंग अलग-अलग निर्धारित किया जाएगा, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो सके।



**जोन 1 - नीला (ब्लू)**
**जोन 2 - पीला (येलो)**
**जोन 3 - लाल (रेड)**
**जोन 4 - सफेद (व्हाइट)**

**सेक्टर आवंटन प्रक्रियाः-** ई-रिक्शाओं को जोन/सेक्टर का आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।

**एक मालिक के एकाधिक ई-रिक्शाः-** यदि किसी व्यक्ति के पास एक से ज्यादा ई-रिक्शा हैं, तो उसके सभी ई-रिक्शाओं को अलग-अलग जोन में आवंटित किया जाएगा, जिससे किसी एक क्षेत्र में ज्यादा दबाव न बने।

**पंजीयन हेतु निर्धारित प्रोफार्माः-** ई-रिक्शा पंजीयन के लिए एक निर्धारित प्रोफार्मा उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके अनुसार सभी आवेदकों को आवश्यक जानकारी भरकर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

**दस्तावेजों की अनिवार्यताः-** ई-रिक्शा का पंजीयन केवल तभी किया जाएगा जब वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण एवं वैध होंगे।

**पंजीयन की समय-सीमाः-** आगामी 10 दिवस के अंदर शहर में संचालित सभी ई-रिक्शाओं का पंजीयन पूरा कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

**पंजीयन हेतु स्थान एवं व्यवस्थाः-** ई-रिक्शा पंजीयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए जोन के अनुसार पंजीयन स्थान निर्धारित किए गए हैं।

1. जोन 1 एवं जोन 4 के ई-रिक्शाओं का पंजीयन ट्रैफिक थाना पश्चिम (महूनाका) में किया जाएगा।
2. जोन 2 एवं जोन 3 के ई-रिक्शाओं का पंजीयन ट्रैफिक थाना पूर्व (एमटीएच कंपाउंड) में किया जाएगा।
3. पंजीयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से प्रत्येक स्थान पर एक-एक अधिकारी/कर्मचारी को नामित किया जाएगा।

**समय-सीमा के बाद चालानी कार्रवाईः-** निर्धारित पंजीयन अवधि समाप्त होने के बाद जिन ई-रिक्शाओं का पंजीयन नहीं होगा, उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्थाः-** सभी ई-रिक्शाओं को पीछे की ओर से खुला रखा जाएगा, ताकि वाहन के अंदर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें।

बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय बनाकर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा ई-रिक्शा संचालन को नियमबद्ध करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में डीसीपी त्रिपाठी के साथ ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, बैटरी ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर तथा ई-रिक्शा प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# होळकर वंश के संस्थापक मल्हारराव की जयंती पर माल्यार्पण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होल्कर वंश के संस्थापक मालवा के गौरव मल्हारराव होळकर की जयंती पर लालबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।**

कार्यक्रम संयोजक निलेश केदारे, अपूर्व भीटे सहसंयोजक पीयूष भीटे ने बताया कि सोमवार को मालवाधीपति अटक से कटक 52 युद्ध के विजेता छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वप्न स्वराज्य स्थापना कर अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले होळकर साम्राज्य के श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होळकर कि 333 जन्म जयंती के अवसर पर इंदौर लालबाग स्थित श्रीमंत कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प.पू.महामंडलेश्वर श्री श्री नितिनदासजी महाराज, मातोश्री अहिल्या देवी के वंशज श्रीमंत उदयसिंह होळकर, श्री क्षत्रिय धनगर सर्वाना संघ के अध्यक्ष हरीश बारगळ, युवराज अभयसिंह होळकर, भाजपा नगर महामंत्री एड. श्रीमती स्वाति युवराज काशिद, सेवा संघ के सचिव संजय कड, सेवा संघ कार्यकारणी के मधुकर गोरे, अशोक काळे, रणजीत भुसारी, दीपक वालेकर, श्री छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था के उपाध्यक्ष संजय गेळे एवं रवि बरकडे, प्रवीण मतकर, श्रीमती आरती अजय होळकर, निलेश केदारे, अपूर्व भिटे, पियूष भिटे, यश मतकर, आनंद बारगळ, यश राशिनकर, सार्थक भिटे आदि मौजूद रहे।

# दाऊदी बोहरा समाज ने किया मुस्लिम प्रबुद्धजनों के साथ रोजा इफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दाऊदी बोहरा समाज इंदौर ने रमजान के पवित्र महीने की भावना को आत्मसात करते हुए मुस्लिम प्रबुद्धजनों के लिए सैफी नगर में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया। यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि इस आयोजन ने भाईचारे और शांति का संदेश दिया। रोजा इफ्तार पार्टी में शहर काजी मोहम्मद इशरत अली, सी आई एस एफ डिप्टी कमांडेंट जीशान आमीर, डॉ. जावेद नकवी, पत्रकार जावेद भाई, सादिक खान आदि उपस्थित थे। समाज के इंदौर जनसंपर्क प्रभारी खुजेमा पेटी वाला ने बताया की शहर काजी साहब का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शहर काजी ने कहा कि धर्मगुरु हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने हमेशा सभी से परस्पर सद्भावना की शिक्षा दी है आपने सैयदना साहब के परोपकारी कार्यों और शांतिपूर्ण दृष्टिकोण की सराहना की और कहा इस तरह के आयोजन से आपसी प्रेम, समन्वय बढ़ता है। हम दाऊदी बोहरा समाज के दिल से आभारी है कि हमें हर मौके पर याद करते है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# बिना ताला तोड़े चोर ले गए लाखों के जेवर-नकदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में चोरों ने एक हैरान करने वाली वारदात को अंजाम दिया। बदमाश बिना ताला तोड़े ही घर से लाखों रुपए के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक उषा नगर निवासी शीलकुमार पोरवाल ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार रात उनके घर में चोरी हो गई। बदमाश घर में घुसकर 3 हार सेट, 6 सोने की अंगूठियां, 5 जोड़ी कान के टॉप्स, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, 4 चांदी की पायल और करीब 60 हजार रुपए नकद चुराकर ले गए। बताया जा रहा है कि शीलकुमार पोरवाल कपड़ों का व्यापार करते हैं। परिवार में कार्यक्रम होने के कारण शाम करीब 7 बजे सभी लोग घर से बाहर चले गए थे। रात करीब 1 बजे जब वे लौटे और कमरे में पहुंचे तो अलमारी के लॉक खुले हुए मिले और अंदर रखा सारा सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार घर का ताला टूटा नहीं है, इसलिए पूरे मामले को लेकर संदेह भी जताया जा रहा है। व्यापारी के घर में दो भाई, उनकी पत्नियां और बच्चे साथ रहते हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# आरटीओ चालान के नाम पर एपीके भेजकर मोबाइल हैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। साइबर ठगों के दो अलग-अलग मामलों में लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। पहले मामले में ठगों ने आरटीओ चालान के नाम पर APK फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया, जबकि दूसरे मामले में रिवॉर्ड प्वाइंट दिलाने के बहाने ओटीपी लेकर क्रेडिट कार्ड से पैसे ट्रांसफर कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीपुरी कॉलोनी निवासी क्रेन व्यवसायी ओमकार उर्फ पिंटू तिवारी के व्हाट्सएप नंबर पर 4 दिसंबर 2025 को मोबाइल नंबर 8966888788 से आरटीओ चालान के नाम पर एक APK फाइल भेजी गई। फरियादी ने फाइल को क्लिक कर डाउनलोड कर लिया, जिसके बाद आरोपी ने उनका मोबाइल हैक कर लिया।

अगले दिन रात में जब उनके एचडीएफसी बैंक खाते से ट्रांजेक्शन का अलर्ट मोबाइल पर आया तो पता चला कि अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 4 लाख 22 हजार 500 रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। रकम कटने का मैसेज मिलने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद ओमकार ने बैंक को सूचना दी और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद साइबर सेल ने केस डायरी मल्हारगंज थाने को सौंप दी है। पुलिस व्हाट्सएप नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रकम विदेशी खातों में ट्रांसफर की गई है।

दूसरे मामले में विजयनगर थाना पुलिस ने एक लाख रुपए की साइबर ठगी का केस दर्ज किया है। फरियादी मनोज पाल ने बताया कि सितंबर 2025 में उनके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि एक्सिस बैंक के कार्ड पर स्कोर कार्ड मेंटेन करने पर रिवॉर्ड प्वाइंट मिलेंगे। इसके लिए आरोपी ने उनसे ओटीपी नंबर मांगा। ओटीपी बताते ही उनके क्रेडिट कार्ड से करीब 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

# रणजीत लोक बनाने के लिए दिन के बजाए रात में हो रहा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। रणजीत हनुमान मंदिर में रणजीत लोक का काम तेजी से चल रहा है। छोटी पार्किंग के साथ ही मंदिर के मुख्य गेट के सामने भी काम चल रहा है। इस काम के चलते दर्शन व्यवस्थाओं में भी परिवर्तन किया जा चुका है। अब मुख्य गेट के बजाए बड़ी पार्किंग से लोग दर्शन करने के लिए मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। अंदर भी तीन स्टेप दर्शन व्यवस्था रखी गई है, ताकि एक बार में कई श्रद्धालु दर्शन कर सकें। हालांकि भक्तों की भीड़ को देखते हुए दिन के बजाए रात में काम किया जा रहा है।

बता दें कि रणजीत हनुमान मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। रोजाना हजारों भक्त मंदिर में दर्शन करने आते हैं। मंदिर में रणजीत लोक बनाकर मंदिर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।



इस पर कुल 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मंदिर समिति के महाप्रबंधक एन.एस. राजपूत ने बताया- यहां सभी तरह के मौसम के मुताबिक व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी ताकि सर्दी, गर्मी और बारिश में भक्तों को परेशानी न हो। बैठने के लिए नई बेंच लगेंगी। बाउंड्रीवाल भी बनाई जाएगी। 25 फीट का पाथ-वे बनेगा, इसकी दीवारों पर पत्थरों से भगवान हनुमान से जुड़े दृश्य उकेरे जाएंगे। रामायण और सुंदरकांड को तस्वीरों में दर्शाया जाएगा। रणजीत लोक की छत पर भी कशीदाकारी की जाएगी। बाउंड्रीवॉल पर रंगबिरंगी लाइटिंग लगेगी। यहां भी सुंदरकांड का चित्रण होगा। मंदिर का एक्सटेंशन 40 फीट आगे तक होगा। नया मुख्य द्वार बनेगा। शेड तैयार किए जाएंगे। मंदिर परिसर में ही पुलिस चौकी बनाई जाएगी। नया जूता स्टैंड, पेय जल की व्यवस्था की जाएगी। बेबी फीडिंग रूम और बुजुर्गों के लिए अन्य सुविधाएं जुटाई जाएंगी। एन.एस राजपूत ने बताया- रणजीत लोक निर्माण की जिम्मेदारी नोडल एजेंसी इंदौर स्मार्ट सिटी को दी गई है। रणजीत लोक में कपाउंड वॉल के यहां 50 मीटर के कॉरिडोर की छत डलने वाली है। हफ्तेभर में ये काम पूरा हो जाएगा। बाकी छोटी पार्किंग में जो काम होना है वह इसके बाद ही किया जाएगा। जो मेन गेट का हिस्सा है वहां पर कॉलम फुटिंग का काम हो गया है। डेढ़ महीने में छत की तैयारी हो जाएगी। काम काफी तेजी से चल रहा है। चूंकि मंदिर का काम है, पब्लिक रहती है, भक्त लोग रहते हैं तो हमें रात में काम ज्यादा करना पड़ रहा है और दिन में काम नहीं कर पाते तो रात की रात में चल रहा है। तो काफी तेजी से चल रहा है काम। काम पूरा करने के लिए दो साल दिए थे। लगभग अभी 8-9 महीने हो गए हैं और हमें विश्वास है कि एक साल और लगेगा काम पूरा होने के लिए।

# आरटीओ चालान के नाम पर एपीके भेजकर मोबाइल हैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। साइबर ठगों के दो अलग-अलग मामलों में लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। पहले मामले में ठगों ने आरटीओ चालान के नाम पर APK फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया, जबकि दूसरे मामले में रिवॉर्ड प्वाइंट दिलाने के बहाने ओटीपी लेकर क्रेडिट कार्ड से पैसे ट्रांसफर कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीपुरी कॉलोनी निवासी क्रेन व्यवसायी ओमकार उर्फ पिंटू तिवारी के व्हाट्सएप नंबर पर 4 दिसंबर 2025 को मोबाइल नंबर 8966888788 से आरटीओ चालान के नाम पर एक APK फाइल भेजी गई। फरियादी ने फाइल को क्लिक कर डाउनलोड कर लिया, जिसके बाद आरोपी ने उनका मोबाइल हैक कर लिया।

अगले दिन रात में जब उनके एचडीएफसी बैंक खाते से ट्रांजैक्शन का अलर्ट मोबाइल पर आया तो पता चला कि अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 4 लाख 22 हजार 500 रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। रकम कटने का मैसेज मिलने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद ओमकार ने बैंक को सूचना दी और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद साइबर सेल ने केस डायरी मल्हारगंज थाने को सौंप दी है। पुलिस व्हाट्सएप नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रकम विदेशी खातों में ट्रांसफर की गई है। दूसरे मामले में विजयनगर थाना पुलिस ने एक लाख रुपए की साइबर ठगी का केस दर्ज किया है। फरियादी मनोज पाल ने बताया कि सितंबर 2025 में उनके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि एक्सिस बैंक के कार्ड पर स्कोर कार्ड मेंटेन करने पर रिवॉर्ड प्वाइंट मिलेंगे। इसके लिए आरोपी ने उनसे ओटीपी नंबर मांगा। ओटीपी बताते ही उनके क्रेडिट कार्ड से करीब 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

# मंडल अध्यक्ष लिखी कार पर स्टंट

## भाजपा युवा नेता का वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक बार फिर कार पर स्टंट का वीडियो सामने आया है। इस बार बीजेपी से जुड़े एक युवा नेता की इंस्टाग्राम स्टोरी से वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में 'मंडल अध्यक्ष' लिखी कार में युवक स्टंट करते और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं।**

जानकारी के मुताबिक रोहित घाटे नाम के युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो स्टोरी के रूप में शेयर किया था। वीडियो में कार के अंदर और बाहर कई युवक नजर आ रहे हैं। कुछ युवक कार की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में बायपास इलाके में कारों के साथ रैली जैसा माहौल भी दिख रहा है। इस दौरान सड़क पर चलती कार में स्टंट किए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा भी



बना रहा। कुछ दिन पहले खुद को सांसद प्रतिनिधि बताने वाले पंकज फतेहचंदानी के जन्मदिन पर छात्र नेता आयुष भागव कार रैली लेकर निकले थे। उस दौरान उनका कार की छत पर खड़े होकर जाने का वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आयुष भागव का जुलूस निकाला था। बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर माफी भी मांगी थी।अब इस नए वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

# तंग गलियों में घूम-घूम कर लोगों से लिया फीडबैक

## भागीरथपुरा में निगम कमिश्नर ने पूछा पानी कैसा आ रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा कर तंग गलियों में घूम-घूमकर लोगों से पानी की सप्लाई को लेकर बातचीत की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बीट टीमों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की।**

निगम कमिश्नर सबसे पहले भागीरथपुरा स्थित पानी की टंकी परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने क्षेत्र में गठित बीट टीमों के साथ बैठक कर वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बीटवार वॉटर सप्लाई की स्थिति जानी



और यह भी पूछा कि किन-किन इलाकों में पानी की आपूर्ति की जा रही है तथा लोगों को साफ पानी मिल रहा है या नहीं। बीट स्तर पर आ रही समस्याओं के बारे में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि शहरवासियों को समय पर साफ पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है।

बैठक के बाद कमिश्नर सिंघल ने पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र में घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधे बातचीत कर पानी की सप्लाई को लेकर फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने पूछा कि पानी नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, कितनी मात्रा में मिल रहा है और किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। लोगों ने बताया कि फिलहाल उन्हें साफ और पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है और आपूर्ति को लेकर कोई खास परेशानी नहीं है। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने रेस्टोरेशन कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित कार्यपालन यंत्री को दिए। इस दौरान अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वीजा खत्म होने के 3 साल बाद पुलिस ने कार्रवाई की

# 2 गर्लफ्रेंड छोड़कर नाइजीरियन अपने देश लौटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर क्षेत्र से पकड़ा गया नाइजीरियन युवक डॉन पेड्रो चार्लिस अब अपने देश नाइजीरिया पहुंच चुका है। हीरानगर पुलिस ने उसे 17 फरवरी 2026 को पकड़ा था। वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रहने के कारण उसे करीब 10 दिन की प्रक्रिया के बाद डिपोर्ट किया गया।**

पुलिस ने विदेशी नागरिकों की जानकारी रखने वाली यूनिट को सूचना दी थी। इसके बाद टिकट की व्यवस्था कर उसे 1 मार्च को नाइजीरिया भेज दिया गया। हीरानगर पुलिस ने डॉन पेड्रो चार्लिस को सनसिटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह मूल रूप से नाइजीरिया का निवासी है और कई साल पहले इंदौर आकर रह रहा था। 2023 में उसका वीजा समाप्त हो गया था, लेकिन उसने इसकी जानकारी किसी विभाग को नहीं दी थी। इंदौर में उसकी 2 गर्लफ्रेंड थी, जिन्हें छोड़कर वह गया है। जांच में सामने आया कि डॉन पेड्रो इंदौर की एक बीपीओ कंपनी में काम कर रहा था। लसूडिया पुलिस को पहले उसकी जानकारी नहीं मिली थी। पुलिस ने उसे तब पकड़ा जब वह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने आया था। पूछताछ में डॉन पेड्रो ने बताया कि बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने वीजा बढ़ाने के नाम पर उससे पैसे लिए थे। उसने ऑनलाइन एक पीडीएफ भेजी थी, लेकिन जांच में वह दस्तावेज फर्जी निकला और वीजा की अवधि नहीं बढ़ी। पुलिस ने उसे थाने में ही एक अलग सेल बनाकर रखा था। इसके बाद विदेशी नागरिकों से संबंधित यूनिट को सूचना दी गई। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उसे नाइजीरिया भेज दिया गया। डीसीपी राजेश व्यास के निर्देश पर टीआई सुशील पटेल ने डॉन पेड्रो की पारिवारिक जानकारी जुटाई।

## ● टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा महाकाल मंदिर पहुंचे

### बोले- भगवान महाकाल से प्रार्थना की थी, जीतने के बाद दर्शन करने आऊंगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर तिलक वर्मा भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नंदी जी के कान में अपनी मुराद भी कही। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद पहली बार उज्जैन आए तिलक वर्मा दोपहर करीब 2 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम रहे अजित पंवार के बेटे पार्थ पंवार और कुछ विधायक भी मौजूद थे।

### प्रदेश में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

# जल है तो कल है का नहीं है कोई विकल्प, बूंद-बूंद बचाने के करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं। समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मध्यप्रदेश समृद्ध की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, इससे मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत्



चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।

### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़ियां सिर्फ जल के स्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।

### जनभागीदारी है अभियान की सबसे बड़ी शक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए और अधिक पानी, जल अभाव/अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत, पर्यावरण-संरक्षण को बल और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा की चुनौती के दृष्टिगत जल प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। मध्यप्रदेश सरकार का यह अभियान इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

# उज्जैन में पंचायत सचिव 30 हजार रुपए लेते गिरफ्तार

### सरपंच से राशि स्वीकृति के लिए 45000 रिश्वत की मांग की थी, लोकायुक्त ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन लोकायुक्त रिश्वतखोर पंचायत सचिव एवं उसके साथी ठेकेदार को 30000 रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप कर रंगे हाथों पकड़ा है। पंचायत सचिव ने सरपंच से राशि स्वीकृत करने के नाम पर 45000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी।**

लोकायुक्त निरीक्षक दीपक सेजवार ने बताया कि 12 मार्च को ग्राम बोरदा मांडा के सरपंच राजेश चतुर्वेदी ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत दर्ज की थी कि उसके द्वारा ग्राम



पंचायत बोरदा मांडा में निर्माण कार्य करवाए गए हैं, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव दरबार सिंह राठौड़ द्वारा राशि स्वीकृति के लिए 45000 रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। इससे पहले वो 15000 रुपए ले चुका है। शिकायत सही पाए जाने पर उज्जैन लोकायुक्त दल सोमवार को ट्रैप आयोजित किया गया।

डीएसपी राजेश पाठक आरोपी पंचायत सचिव दरबार सिंह और ठेकेदार कमल बंजारा ने सरपंच को कायथा थाने के पास बुलाया। यहाँ सरपंच ने अपनी कार क्रमांक MP09 CH 5873 में 30000 रुपए पंचायत सचिव को दिए। आरोपी सचिव ने रुपए लेकर ठेकेदार कमल बंजारा को दे दिए। लोकायुक्त ने सचिव दरबार सिंह राठौड़ और उसके साथी ठेकेदार कमल बंजारा को गिरफ्तार कर लिया।

## अंगूठा लगाने पर ही एनएचएम कर्मचारियों को मिलेगा मानदेय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मध्यप्रदेश ने संविदा कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं और आशा पर्यवेक्षकों के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब मानदेय और अन्य आर्थिक लाभ केवल आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही दिए जाएंगे। यानी कर्मचारियों को अंगूठा लगाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा, तभी भुगतान का विवरण कोषालय तक भेजा जाएगा। नई व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से पूरे प्रदेश में अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। इसके लिए एनएचएम ने 25 मार्च 2026 तक सभी संबंधित कर्मचारियों का पंजीकरण पूरा करने की समयसीमा तय की है। एनएचएम ने निर्देश दिए हैं कि सभी संविदा कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता और आशा पर्यवेक्षक एसएनए स्पर्श पोर्टल पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराएं। इसके लिए एक विशेष आधार गेटवे एप्लीकेशन तैयार की गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर लगाकर या अन्य माध्यमों से पंजीकरण प्रक्रिया समय पर पूरी करें, ताकि अप्रैल से भुगतान में कोई बाधा न आए। प्रदेश में लगभग 80 हजार आशा कार्यकर्ता और करीब 30 हजार संविदा कर्मचारी एनएचएम के तहत कार्यरत हैं। इसके अलावा लगभग 25 से 30 हजार संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी भी समय-समय पर इस व्यवस्था से जुड़े रहते हैं।

## बिना ड्राइवर के दौड़ा हाईवा 2 छात्राओं को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** प्रदेश के राजगढ़ जिले में सोमवार को बिना ड्राइवर के ढलान में खड़े हाईवा ने 2 कॉलेज छात्राओं को कुचल दिया। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती



के सिर के ऊपर से टायर गुजर गए, जिससे भेजा बाहर आ गया। कुचलने का CCTV फुटेज भी सामने आया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतक छात्रा का नाम नंदनी भिलाला (20) है, जबकि घायल छात्रा सुमन वर्मा (21) है। नंदनी पचोर तहसील के पिपलिया रसोड़ा गांव की रहने वाली थी। शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती थीं। वहीं घायल सुमन वर्मा खिलचीपुर के भादाहेड़ी की निवासी है। संकट मोचन कॉलोनी में रहती थीं। सुमन भादाहेड़ी सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। हड्डियां फ्रैक्चर हो गई हैं। वहीं हादसे के बाद नंदनी की लाश के पास बैठकर बहनें फूट-फूटकर रोती रहीं।

### अजय सिंह का सिंधिया पर तंज, बोले-

# 'छोटा परिवार सुखी परिवार'



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी।** चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया' सोमवार को टीकमगढ़ पहुंचे। उन्होंने यहां 2028 में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया। अजय सिंह ओरछा में श्रीराम राजा सरकार के दर्शन के बाद शाम 5 बजे टीकमगढ़ पहुंचे। हीरा नगर तिराहा पर कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला सहित अन्य कांग्रेसियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इसके बाद सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कांग्रेसियों के पार्टी छोड़ने पर अपनी बात रखी। अजय सिंह ने कहा कि जिसे जाना हो, वह आज चला जाए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, "छोटा परिवार सुखी परिवार।" भाजपा में ज्योतिरादित्य सिंधिया को मुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाल पर अजय सिंह ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि जब सिंधिया कांग्रेस में थे, तो पहली कतार की चार कुर्सियों में उनका स्थान रहता था। अब आप लोग सब देख रहे हैं। उन्होंने भाजपा को सलाह दी कि मुख्यमंत्री का चेहरा तय करने से पहले ग्वालियर में यह तय कर लें कि नरेंद्र सिंह तोमर ज्यादा पावरफुल हैं या सिंधिया।अपनी यात्रा के संबंध में उन्होंने बताया कि वह ठंडे पड़े कांग्रेसियों में ऊर्जा भरने निकले हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2018 में भी उन्होंने पूरे प्रदेश में यात्रा निकाली थी और उस दौरान माला न पहनने का फैसला लिया था, जिसके बाद कांग्रेस की सरकार बनी थी। उन्होंने कहा कि वह सरकार पूरी नहीं चल सकी, जिसकी वजहें अलग हैं।

## जबलपुर जिला अदालत के बाहर धमाका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर जिला अदालत के बाहर सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कोर्ट नंबर-2 के पास तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके के बाद वकीलों और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस को मौके से बम के अवशेष और माचिस बरामद हुई है। जानकारी के मुताबिक शाम करीब 5 से 5:15 बजे के बीच कोर्ट का अंतिम काम चल रहा था। इसी दौरान सीजेएम कोर्ट नंबर-2 के बाहर तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही कोर्ट में मौजूद वकील इसे गंभीर घटना मानते हुए बाहर निकलने लगे। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## संपादकीय

### राज्यसभा: संख्याबल बनाम सेंधमारी

राज्यसभा के चुनाव के लिए सोमवार को तीन राज्यों ओडिशा, हरियाणा और बिहार की 11 सीटों के लिए मतदान हुआ। इनमें ओडिशा में दो बीजेपी और एक बीजेपी समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार और एक बीजेडी के उम्मीदवार ने जीत हासिल की। बिहार की सभी पांचों सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। इस दौरान बिहार में महागठबंधन के चार विधायक वोटिंग से अनुपस्थित रहे। हरियाणा की दो सीटों पर मतगणना को लेकर आपत्ति के बाद देर रात तक नतीजों का इंतजार होता रहा। इन चुनावों में हरियाणा और बिहार की एक-एक सीट पर मुकाबला खासा रोचक माना जा रहा था। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार इस बार देशभर में राज्यसभा की कुल 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से 26 सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में भाजपा के सात, कांग्रेस के पांच, तृणमूल कांग्रेस के चार, डीएमके के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। इसके अलावा शिवसेना, आरपीआई (ए), एनसीपी, एनसीपी (एसपी), एआईएडीएमके, पीएमके और यूपीपीएल के एक-एक उम्मीदवार भी बिना मुकाबले के राज्यसभा पहुंच चुके हैं। बाकी 11 सीटों के लिए हुए सोमवार को मतदान हुआ। बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए सोमवार को हुए चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए के सभी उम्मीदवारों ने जीत हासिल कर ली। एनडीए ने दावा किया कि मतदान के दौरान एनडीए के सभी 202 विधायकों ने हिस्सा लिया, जिससे गठबंधन की स्थिति और मजबूत हो गई। एनडीए के उम्मीदवारों में जेडीयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,जदयू के रामनाथ ठाकुर और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा उपेंद्र कुशवाहा सहित अन्य नेता शामिल हैं। इन सभी ने जीत हासिल की। दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन को झटका लगा, क्योंकि कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। हालांकि एआईएमआईएम के पांच विधायकों और बसपा के एक विधायक ने आरजेडी उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह के समर्थन में मतदान करने का दावा किया। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की ताकत 35 विधायकों की थी और शुरुआत में वे छह वोट से पीछे थे, जबकि एनडीए तीन वोट से कम था। इसके बावजूद महागठबंधन ने चुनाव लड़ने का फैसला किया।

Health is Wealth

# पैरों में हो रहीं ये 7 तरह की तकलीफ डायबिटीज के होते हैं लक्षण

**ज्यादातर लोग कर देते हैं इग्नोर**

**डायबिटीज का मतलब केवल हाई ब्लड शुगर लेवल ही नहीं होता बल्कि कई सारे लक्षण आपको पैरों में भी दिखाई देते हैं। इन लक्षणों के दिखने पर हल्के में ना लें और अपने डायबिटीज का लेवल चेक करवाएं।**



डायबिटीज का नाम लेते ही लोगों को बस इन्हीं लक्षणों की याद आती है। हाई ब्लड शुगर लेवल, बार-बार यूरिन पास करना, प्यास लगना। लेकिन ज्यादातर लोग डायबिटीज के पैरों में दिखने वाले लक्षणों को इग्नोर कर देते हैं। जबकि हमारे पैर पूरी बॉडी का वजन सम्भालने के साथ ही सेहत का वजन भी संभालते हैं। पैर में ब्लड फ्लो अगर सही नहीं होगा या नर्व फंक्शन सही नहीं होगा तो ये शरीर की बीमारियों की ओर इशारा करती हैं। और डायबिटीज ब्लड फ्लो और नर्व फंक्शन दोनों को प्रभावित करता है। इसी वजह से पैरों में डायबिटीज की शुरुआत में ही ये लक्षण दिखने लगते हैं।

### ● पैरों में झुनझुनी या सूई चुभने जैसा महसूस होना

काफी सारे लोग पैरों में झुनझुनी या सूई चुभने जैसा महसूस होने की शिकायत करते हैं। लोगों को लगता है कि ये समस्या लगातार एक जगह बैठे रहने की वजह से होती है। लेकिन पैरों में झुनझुनी या सूई चुभने जैसा हर समय या बार-बार, जल्दी-जल्दी महसूस होता है तो ये आपके नर्व डैमेज का संकेत हो सकता है। ये पेरिफेरल न्यूरोपैथी बोला जाता है। जो डायबिटीज में होने वाली कॉमन दिक्कत है।

### ● पिंडलियों में जलन

काफी लोगों को पैर की काल्व्स मसल्स यानि पिंडलियां, घुटने के पीछे नीचे की तरफ वाला हिस्सा, वहां पर जलन महसूस होती है। इस तरह की समस्या कई बार बहुत ज्यादा चलने की वजह या थकान से होती है। लेकिन डायबिटीज में नर्व फंक्शन ठीक से काम ना करने पर भी ये दिक्कत होती है। काफी सारे मरीजों में ये बर्निंग सेनसेशन रात को होती है।

### ● पैर के बालों में कमी

सुनने में अजीब लग सकता है लेकिन पैर के बाल या रोएं तेजी से कम हो गए हैं तो ये डायबिटीज का सिग्नल हो सकता है। लोग इसे उम्र का असर समझते हैं लेकिन खराब ब्लड फ्लो की वजह से ऐसा होता है। डायबिटीज में पर्याप्त न्यूट्रिएंट्स और ऑक्सीजन हेयर रूट्स तक नहीं पहुंच पाता। जिसकी वजह से पैर के बाल धीरे-धीरे या कई बार पैच में निकल जाते हैं।

### ● पैरों में अचानक दर्द

रात को अचानक पैरों में दर्द डायबिटीज का लक्षण होता है। जबकि लोग इसे डिहाइड्रेशन या मिनरल्स की कमी से जोड़ते हैं। जबकि ये खराब ब्लड फ्लो और नर्व में दिक्कत की वजह से होता है। जब पूरे ब्लड की सप्लाई नहीं हो पाती है तो दर्द होने लगता है।

### ● स्किन कलर चेंज

कुछ लोगों के एंकल और पिंडलियों की स्किन का कलर बदल जाता है। ये ज्यादा डार्क दिखता है या गहरे रंग के धब्बे जैसा बन जाता है। अक्सर लोग इसे गंदगी और सनबर्न से जोड़कर देखते हैं। लेकिन ये डायबिटीज का लक्षण होते हैं। हाई ब्लड शुगर स्माल ब्लड वेसल्स को प्रभावित करती हैं। जिससे स्किन चेंज हो जाती है।

### ● पैर की स्किन में चमक

काफी सारे लोगों के पैरों को ध्यान से देखने पर पता चलता है कि उनकी स्किन कुछ ज्यादा टाइट और चमकीली दिखने लगती है। ये फ्लूइड रिटेंशन या सूजन की वजह से होता है। जो बताता है कि पैरों में सही ब्लड फ्लो नहीं हो रहा।

### ● पैरों के टेंपरेचर में बदलाव

कई बार तलवों के टेंपरेचर में भी बदलाव होता है। कुछ लोगों के पैर काफी ज्यादा ठंडे हो जाते हैं तो वहीं कुछ के बेहद गर्म हो जाते हैं। ये ज्यादातर ब्लड वेसल्स के डैमेज होने की वजह से होते हैं।

New Delhi

# आज गुजरात पहुंचेगा नंदा देवी जहाज, यूएई से सुरक्षित भारत आ रहा जग लाडकी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए एलपीजी और कच्चा तेल लेकर आए भारतीय ध्वज वाले टैंकर सुरक्षित रूप से गुजरात के बंदरगाहों तक पहुंच रहे हैं। इससे ऊर्जा आपूर्ति को लेकर तत्काल राहत मिली है।**

कतर के रास लाफान पोर्ट से 46,000 टन एलपीजी लेकर चला टैंकर शिवालिक नौ दिन की यात्रा के बाद सोमवार को मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। इसी तरह लगभग 46,000 टन एलपीजी लेकर आ रहा नंदा देवी टैंकर मंगलवार सुबह कांडला पोर्ट पहुंचने वाला है। दोनों जहाज सरकारी कंपनी शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया



के स्वामित्व में हैं। वहीं, यूएई के फुजैरा पोर्ट से शनिवार को रवाना हुआ क्रूड ऑयल टैंकर जग लाडकी मंगलवार दोपहर मुंद्रा पहुंचने की उम्मीद है। यह जहाज करीब 81,000 टन मुरबन क्रूड लेकर आ रहा है। खास बात यह है कि जहाज उसी दिन रवाना हुआ था, जब फुजैरा के तेल टर्मिनल पर हमला हुआ था। शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में काम कर रहे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। सूत्रों के अनुसार, शिवालिक से आए एलपीजी में से 20,000 टन मुंद्रा में उतारा जाएगा, जबकि बाकी 26,000 टन न्यू मैंगलोर पोर्ट भेजा जाएगा। वहीं नंदा देवी के एलपीजी को कांडला पोर्ट के पास वडिनार में समुद्र में ही छोटे जहाजों में ट्रांसफर किया जाएगा।

Uttarpradesh

# बरेली में सास-साले की हत्या करने का आरोपी अफसर खां पुलिस मुठभेड़ में ढेर, दो सिपाही घायल



**बरेली, (एजेंसी)** बरेली में अपनी सास और साले की हत्या करने वाले आरोपी अफसर खां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सोमवार को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस की तीन टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को सुबह करीब छह बजे इज्जतनगर इलाके में पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की। इस पर आरोपी अफसर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लगी,उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी से एक पिस्टल और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। मुठभेड़ स्थल पर दस खोखे बरामद हुए हैं, जिससे स्पष्ट है कि आरोपी ने पुलिस टीम पर भारी फायरिंग की है। मुठभेड़ में दो सिपाही भी घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा चौधरी में पारिवारिक विवाद को निपटाने के लिए चल रही पंचायत के दौरान अफसर खां (38) ने सोमवार को अपनी सास आसमां (50), साले आदिल (22) और पत्नी सायमा (30) पर चाकू से हमला कर दिया। इससे आसमां और आदिल की मौत हो गई, जबकि सायमा की हालत नाजुक है। वारदात के बाद खून से सना चाकू लहराते हुए आरोपी हवाई अड्डे की ओर भाग गया था। आरोपी की तलाश में तीन टीमें लगाई गई थीं।

Uttarpradesh

यूपी में भाजपा नेता की हत्या

# हमलावरों ने चाकू से 50 से 60 वारकर गोद डाला

**गोरखपुर, (एजेंसी) गोरखपुर के चिलुआताल थाना इलाके के बरगदवा में मंगलवार की सुबह एक भाजपा नेता की निर्मम हत्या ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मॉर्निंग वॉक पर निकले भाजपा नेता राजकुमार चौहान को निशाना बनाया गया।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मार डाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी तत्काल बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का सटीक पता लगाया जा सके। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राजकुमार चौहान मंगलवार की सुबह बरगदवा क्षेत्र में अपनी नियमित मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान घात लगाए हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।

Paschim bangal

# भारत में अरबपतियों की बाढ़, एक साल में जुड़े 24 नए रईस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में सबसे तेज उछाल देखा गया। आर्सेलर मित्तल के शेयरों में तेजी आने से उनकी कुल दौलत 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 नए अरबपति बढ़े हैं। पिछले साल यानी की 2025 से बढ़कर इनकी संख्या 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर शख्स लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80% से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। पिछले एक साल में उनकी संपत्ति



में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में एडटेक कंपनी फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब का नाम भी शामिल हो गया है।

खेल

# सिनर ने मेदवेदेव और सबालेंका ने रिबाकिना को हराया, दोनों पहली बार जीते इंडियन वेल्स खिताब





**नई दिल्ली, (एजेंसी)** यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

सिनेमा

# नोरा फतेही के गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' के बोल किसने लिखे हैं, किस फिल्म का आइटम सॉन्ग है ये?



नोरा फतेही के गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' पर विवाद बढ़ते जा रहा है। ऐसे में मेकर्स ने इस गाने का वीडियो यूट्यूब से हटा दिया है। बता दें, इस गाने को अर्जुन जान्या, रकीब आलम और मंगली ने गाया है। इसके बोल रकीब आलम ने लिखे हैं। वहीं इसे प्रोड्यूस केवीएन प्रोडक्शंस ने किया है। ये वही प्रोड्क्शन कम्पनी है जो यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को प्रोड्यूस कर रही है। **कौन हैं रकीब आलम?**- 'सरके चुनर तेरी सरके' के बोल लिखने वाले रकीब आलम लिरिसिस्ट हैं। वह साउथ फिल्मों के गानों के हिंदी बोल लिखते हैं। उन्होंने अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पाः द रूल - पार्ट 2 (2024)', 'कुली' (2025), 'कुबेरा' (2025), 'रेट्रो' (2025), 'वेट्टैयन' (2024), 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' (2024), 'हाय नन्ना' (2023), 'लियो' (2023), 'कुशी' (2023), 'वाथी' (2023), 'वरिसु' (2023), 'विक्रम' (2022), 'एफ3ः फन एंड फ्रस्ट्रेशन' (2022) और 'बीस्ट' (2022) जैसी फिल्मों के हिंदी गानों के बोल लिखे हैं। नोरा फतेही और संजय दत्त का ये गाना उनकी आने वाली कन्नड़ एक्शन क्राइम फिल्म 'केडीः द डेविल' का है। ये फिल्म साल 2026 में रिलीज होने वाली है।

## Highlights

1. **Shivalik vessel to unload 20,000 MT of LPG at Mundra port, rest at Mangalore: Report**
2. **Govt eases PM E-DRIVE rules, extends localisation deadline till August 31**
3. **Thousands protest in Ladakh 2 days after Wangchuk's release from jail**
4. **Sprinklers didn't work, late call made to fire brigade in Odisha hospital fire**
5. **Delhi govt approves free bus travel for transgender passengers**

# Reliance, Samsung sign $3-billion contract for green ammonia supply

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd. has secured a landmark $3 billion deal with South Korea's Samsung C&T Corp. to supply green ammonia, marking a significant milestone in billionaire Mukesh Ambani's pivot towards renewable energy.



The binding, long-term supply and purchase agreement spans a 15-year period, with deliveries slated to commence in the second half of the fiscal year ending March 2029. The Reliance-Samsung deal, one of the largest of its kind globally, signals India's emergence as a major exporter of green fuels and underscores Reliance's ambition to dominate the clean energy value chain.

"This partnership marks an important step in India's clean-energy journey," said Anant Ambani, executive director of Reliance Industries. He noted that the initiative aims to integrate India's renewable resources with manufacturing leadership to produce value-added chemicals at scale.

Reliance-Samsung deal: A new benchmark?

The partnership is the first in a series of anticipated off-take agreements intended to scale Reliance's nascent New Energy platform. By securing an international buyer like Samsung C&T, Reliance is validating its massive capital expenditure in "green" molecules, which are produced using renewable electricity rather than fossil fuels.

For Samsung C&T, a global trading and investment powerhouse founded in 1938, the deal secures a reliable, long-term source of carbon-free fuel. The South Korean firm has been aggressively expanding its footprint in renewable energy projects, including Solar PV and Energy Storage Systems (ESS), as North Asian economies look to decarbonise their heavy industries and shipping sectors.

Central to Reliance's ability to execute this $3 billion contract is the Dhirubhai Ambani Green Energy Giga Complex in Jamnagar, Gujarat. The 5,000-acre advanced manufacturing hub is designed to house "gigafactories" for solar modules, batteries, electrolysers, and fuel cells.

# Indian Oil, HPCL, BPCL suspend fuel on credit to petrol pumps amid Iran war

**NEW DEIHI, (Agency).** Pay up first, tank up later—at a time of crunch, that's the message from state-run oil marketing companies to fuel stations.

Indian Oil Corp. Ltd., Hindustan Petroleum Corp. Ltd. and Bharat Petroleum Corp. Ltd. have suspended fuel on credit to limit offtake by retail outlets, four people aware of the development said, as the closure of Iran's Strait of Hormuz roils crude oil supply worldwide. While HPCL and BPCL began insisting on advance payments from last week, Indian Oil halted its five-day revolving credit policy on Monday, the people said on condition of anonymity.




The move gains significance since Indian Oil, HPCL and BPCL serve the majority of India's nearly 100,000 retail fuel stations. Apart from the sudden crunch for petrol pumps, agriculture and industrial buyers who purchase fuel on credit may also take a blow. The Iran war has choked off around 40% of crude supplies for India, the world's third-largest oil consumer, where petro-product demand is expected to touch 250.8 million tonnes in Fiscal 2027.

# ठेला-रेहड़ी व्यापारियों के लिए वेंडिंग सर्टिफिकेट की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में ठेला-रेहड़ी और छोटे फुटपाथ व्यापारियों की आजीविका को लेकर इंदौर ठेला संगठन ने सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया है, जिसमें शहर के हजारों छोटे व्यापारियों के लिए वेंडिंग सर्टिफिकेट जारी करने और उनके लिए तय स्थान निर्धारित करने की मांग की गई है।**

ज्ञापन में बताया गया कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के तहत सड़क किनारे व्यापार करने वाले लोगों को आजीविका का अधिकार दिया गया है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई बार गरीब ठेला-रेहड़ी व्यापारियों को बिना उचित प्रक्रिया के हटा दिया जाता है, जिससे उनके रोजगार पर असर पड़ता है। संगठन ने मांग की है कि शहर में सभी ठेला-रेहड़ी व्यापारियों का सर्वे कर उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया जाए। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों, पुलों के नीचे और खाली सरकारी जमीनों पर वेंडिंग जोन




तय किए जाएं ताकि छोटे व्यापारी व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय कर सकें। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि जिन स्थानों पर पहले से हाट-बाजार और मेले लगते रहे हैं, वहां फिर से छोटे व्यापारियों को व्यापार की अनुमति दी जाए। इसके अलावा नगर निगम द्वारा गरीब व्यापारियों पर की जाने वाली कठोर और अमानवीय कार्रवाई पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई है।

संगठन का कहना है कि यदि प्रशासन इस विषय को संवेदनशीलता से समझेगा तो हजारों गरीब परिवारों की रोजी-रोटी सुरक्षित हो सकेगी और शहर में भी सुव्यवस्थित व्यवस्था बनी रहेगी। संगठन की ओर से यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भेजा गया है। ज्ञापन में अध्यक्ष सेवक राम साहू और राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चिंदे सोनकर सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

## 6 देशी पिस्टल और 4 कारतूस के साथ बदमाश पकड़ाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 6 देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी टेलीग्राम और वॉट्सएप के जरिए हथियारों के ऑर्डर लेता था।**

डीसीपी आनंद कलादगी के अनुसार रविवार देर रात करीब 1:30 बजे सूर्यदेव नगर चेकिंग पॉइंट पर पुलिस टीम वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक वहां से गुजरता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने रास्ता बदलने की कोशिश की, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस टीम ने युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 6 लोहे की देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजवीर सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी ग्राम ओझर, जिला बड़वानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।अधिकारियों के मुताबिक आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम और वॉट्सएप के जरिए हथियार बेचने का काम करता था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि उसने अब तक किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई किए हैं।

## कार में अज्ञात बदमाश ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी की कार में अज्ञात बदमाश ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना रात करीब पौने तीन बजे की है। आसपास के लोगों ने कार में आग लगने की जानकारी दी, जिसके बाद व्यापारी ने बाहर आकर आग बुझाई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बाम्बे हॉस्पिटल क्षेत्र में पान कॉर्नर संचालित करने वाले कपिल चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार रात दुकान बंद कर घर आकर सो गए थे। इसी दौरान रात करीब 2:45 बजे आसपास के लोगों के शोर मचाने पर उनकी नींद खुली। बाहर आकर देखा तो घर के बाहर खड़ी उनकी कार के आगे के हिस्से में आग लगी हुई थी। आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाई गई। इसके बाद आग लगने का कारण जानने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए। फुटेज में एक बाइक सवार युवक पहले कुछ देर इलाके में खड़ा दिखाई देता है, फिर वह कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा देता है और मौके से भाग जाता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक